भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 314

जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 05 फरवरी, 2024, माघ 16, 1945 (शक) को दिया जाना है

उपभोग वृद्धि में असंगति

314. श्री वी.के. श्रीकंदन:
श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों के लिए माल और सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में आंध्र प्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल सहित दर्जनभर राज्यों में उपभोग वृद्धि में असंगति का पता चला है जहां कमजोर वृद्धि देखी जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं और इसके क्या कारण है;

(ख) क्या यह भी सच है कि निजी अंतिम उपभोग व्यय में इस वर्ष केवल 4.4 प्रतिशत की वृद्धि होगी जो कि 2020-21 के महामारी प्रभावित वर्ष को छोड़कर वर्ष 2002-03 के बाद से सबसे कम होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या पीएफसीई वृद्धि में विभिन्न क्षेत्रों में गिरावट आई है और यदि हां, तो जीएसटी लागू होने के बाद से तत्संबंधी तुलनात्मक ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या निजी अंतिम उपभोग व्यय वृद्धि 2023-24 की जुलाई-सितम्बर तिमाही में गिरकर 3.1 प्रतिशत हो गई थी और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या माल और सेवा कर उपभोग आधारित कर है जो अर्थव्यवस्था में उपभोग की प्रवृत्तियों को मोटे तौर पर दर्शा सकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): वित्त वर्ष 2023-24 के नौ महीनों की अवधि के लिए राज्य जीएसटी राजस्व का विवरण अनुबंध 1 के अनुसार दिया गया है। जीएसटी राजस्व में वृद्धि व्यापक आधार पर है और समग्र राष्ट्रीय औसत 12% है। राज्य-वार, उपभोग वृद्धि का संकलन नहीं किया गया है और इसलिए यह टिप्पणी करना संभव नहीं है कि जीएसटी राजस्व की तुलना में उपभोग वृद्धि में कोई असंगति है या नहीं।

(ख): एमओएसपीआई के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में पीएफसीई 97,74,122 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4.4% की वृद्धि है। यह केवल पहला अग्रिम अनुमान है। इसके अलावा, इस वृद्धि को पहले के 2 वर्षों में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 11.2% और वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 7.5% की उच्चतर उपभोग वृद्धि दर के आलोक में देखा जाना चाहिए।

(ग): राज्यों के लिए त्रैमासिक पीएफसीई को संकलित नहीं किया गया है। तथापि, जीएसटी की शुरुआत के बाद से तिमाही वार पीएफसीई स्तर और विकास दरें अनुबंध 2 के अनुसार दी गई हैं।

(घ): जी हां, वित्त वर्ष 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में स्थिर कीमतों पर पीएफसीई वृद्धि 3.1% होने का अनुमान लगाया गया था। पीएफसीई के उचित शेयरों वाले घटकों, विशेष रूप से खाद्य पदार्थों में महत्वपूर्ण वृद्धि या संकुचन के परिणामस्वरूप पीएफसीई में 3.1% का समग्र विकास हुआ है। कृषि और इससे संबंधित क्षेत्र में धीमी वृद्धि के साथ-साथ सेवा क्षेत्र में मध्यम वृद्धि के कारण समग्र पीएफसीई विकास दर में कमी आई है। इसके अलावा, यह कहना प्रासंगिक होगा कि पहले के दो वित्तीय वर्षों की दूसरी तिमाही में, उपभोग वृद्धि दर अधिक थी और इसलिए इसका आधार प्रभाव भी है।

(ङ): माल और सेवा कर (जीएसटी) एक उपभोग कर है जो कराधान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करते हुए विभिन्न अप्रत्यक्ष करों को एकल कर संरचना में समेकित करता है। अप्रत्यक्ष कर होने के कारण, माल और सेवा कर को मूल्य संवर्धन के प्रत्येक चरण में माल और सेवाओं के आपूर्तिकर्ताओं से एकत्रित किया जाता है, न कि माल और सेवाओं के अंतिम उपभोक्ताओं से। जबकि यह उपभोग की कुल तस्वीर प्रदान नहीं कर सकता है क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसी वस्तुएं और सेवाएं हैं जो या तो जीएसटी से मुक्त हैं या जीएसटी से बाहर हैं। इसके अलावा, उपभोक्ताओं द्वारा प्रत्यक्ष आयात भी जीएसटी में परिलक्षित नहीं होता है।

अनुबंध 1

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	पश्च -निपटान एसजीएसटी		
		अप्रैल-दिसंबर (करोड़ रुपये में)		
		2022-23	2023-24	विकास
1	लक्षद्वीप	22	72	222%
2	ओडिशा	14,046	18,093	29%
3	लद्दाख	420	523	25%
4	अरुणाचल प्रदेश	1,176	1,418	21%
5	छत्तीसगढ़	8,370	9,937	19%
6	सिक्किम	623	738	18%
7	पुदुचेरी	876	1,037	18%
8	असम	9,280	10,727	16%
9	मध्य प्रदेश	20,834	24,026	15%
10	मेघालय	1,087	1,244	14%
11	पंजाब	14,371	16,382	14%
12	मिजोरम	623	707	14%
13	महाराष्ट्र	95,981	1,08,887	13%
14	गोवा	2,606	2,951	13%
15	कर्नाटक	48,642	54,881	13%
16	उत्तर प्रदेश	49,384	55,656	13%
17	हरियाणा	23,134	25,733	11%
19	राजस्थान	25,903	28,794	11%
20	**आंध्र प्रदेश**	**21,137**	**23,481**	**11%**
21	झारखंड	8,237	9,148	11%
22	तमिलनाडु	43,332	47,960	11%
23	जम्मू और कश्मीर	5,442	6,021	11%
24	बिहार	17,360	19,157	10%
25	दिल्ली	21,426	23,611	10%
26	**गुजरात**	**42,354**	**46,624**	**10%**
27	उत्तराखंड	5,758	6,288	9%
28	नागालैंड	716	781	9%
29	त्रिपुरा	1,074	1,166	9%
30	चंडीगढ़	1,582	1,708	8%
31	**पश्चिम बंगाल**	**29,170**	**31,300**	**7%**
32	तेलंगाना	27,964	29,889	7%
33	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	365	388	7%
34	केरल	21,953	23,045	5%
35	हिमाचल प्रदेश	4,205	4,160	-1%
36	दादरा एवं नागर हवेली तथा दमन एवं दीव	889	804	-10%
37	मणिपुर	1,046	813	-22%
38	केंद्र क्षेत्राधिकार	0	0	
	कुल	**5,71,807**	**6,39,052**	**12%**

अनुबंध 2

पीएफसीई स्तर करोड़ रुपये में (स्थिर मूल्यों पर)						पीएफसीई तिमाही दर तिमाही विकास दरें (स्थिर कीमतों पर)				
	तिमाही1	तिमाही 2	तिमाही 3	तिमाही 4			तिमाही1	तिमाही 2	तिमाही 3	तिमाही 4
2015-16	15,17,933	15,13,130	16,33,448	17,16,907		**2015-16**				
2016-17	16,23,633	16,58,457	18,16,561	18,01,585		**2016-17**	7.0	9.6	11.2	4.9
2017-18	17,63,225	17,38,953	18,92,042	19,36,508		**2017-18**	8.6	4.9	4.2	7.5
2018-19	18,74,398	18,88,258	20,33,403	20,54,385		**2018-19**	6.3	8.6	7.5	6.1
2019-20	20,08,913	20,04,358	21,55,033	20,87,914		**2019-20**	7.2	6.1	6.0	1.6
2020-21	15,48,901	18,57,460	21,88,868	22,29,267		**2020-21**	-22.9	-7.3	1.6	6.8
2021-22	18,22,102	21,21,839	24,26,098	23,33,501		**2021-22**	17.6	14.2	10.8	4.7
2022-23	21,82,357	22,98,123	24,78,700	23,99,515		**2022-23**	19.8	8.3	2.2	2.8
2023-24	23,12,601	23,70,094				**2023-24**	6.0	3.1		

****